>

Title: Need to provide adequate funds to Government of Maharashtra to compensate people affected by cyclone in Raigarh district.

श्री रामशेठ ठाकुर (कुलाबा): सभापति महोदय, महाराष्ट्र राज्य के रायगढ़ जिले के पनवेल, उरण, पेण तहसील क्षेत्रों में नवम्बर, १९९८ में आए चक्रवात, तूफान के कारण किसानों को भारी नुकसान सहन करना पड़ा। साथ-साथ इन इलाकों के नागरिकों के मकानों का तथा स्कूल और सार्वजनिक सुविधा केन्द्रों का भारी नुकसान हुआ है। साथ ही रायगढ़ जिले के अन्य क्षेत्रों में भारी अनियतकालीन वर्षा के कारण चावल और सब्जी की खेती का सर्वनाश हो गया है और इस चावल और सब्जी की खेती पर सभी किसानों की आमदनी निर्भर होती है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन आपदग्रस्त किसानों को और नागरिकों को पुनः बसाने एवं मुआवजा देने हेतु तुरन्त राज्य सरकार को आर्थिक सहायता प्रदान करें।